kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION
कल्याणमयी

कल्याणमयी, भोपाल

कल्याणमयी, भोपाल द्वारा दिनांक 11/10/2021 को शाखा के नवीन कार्यालय और प्रोजेक्ट पंख का शुभारंभ किया गया।

श्रीमती रिचा अग्रवाल, अध्यक्ष, कल्याणमयी, भोपाल व श्रीमती रमा सिंह, अध्यक्ष संरक्षिका, के.औ.सु.ब. द्वारा रिबन काटकर शाखा के कार्यालय का उद्घाटन किया और दीप प्रज्वलित कर प्रोजेक्ट पंख का शुभारंभ किया गया।

प्रोजेक्ट पंख के अंतर्गत भोपाल शाखा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणोंपरांत परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीने भेंट स्वरूप प्रदान की जाएंगी, जिससे वे भविष्य में अपनी आजीविका चला सके।

उक्त कार्यक्रम में विमानपत्तन निदेशक, भोपाल श्री के. एल. अग्रवाल, भाविप्रा के अधिकारी व कर्मचारी गण तथा अनेक कल्याणमयी सदस्य उपस्थित हुए।